**Seventeenth Loksabha**

an>

**Title: Need to deploy Units of Army and Central Police Forces in Border Areas of Araria, Bihar to steps up Vigil on Cross Border Smuggling- Laid.**

**श्री प्रदीप कुमार सिंह (अररिया):** आज जिस विषय पर अपनी बात रखूंगा वो हमारे संसदीय क्षेत्र अररिया की सुरक्षा के साथ साथ आसपास के जिलों की सुरक्षा हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण है।

हमारा संसदीय क्षेत्र अररिया (बिहार) भारत के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित है, उत्तर की ओर जहां नेपाल और चीन का बार्डर है वहीं पूरब में बांग्लादेश का बार्डर पड़ता है। लिहाजा सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह अति महत्वपूर्ण हो जाता है। नेपाल की तरफ से होने वाली अवैध व अतिसंवेदनशील सामानों की तस्करी व घुसपैठ को रोकने हेतु उत्तर दिशा में कई जगहों पर सशस्त्र सीमा बल के जवानों की टीम तैनात की गई है। लेकिन पूरब दिशा यानि बांगलादेश बॉर्डर की ओर से होने वाली अवैध व अतिसंवेदनशील समानों की तस्करी व घुसपैठ को रोकने हेतु कोई सुनिश्चित व्यवस्था न होने के कारण अररिया की जनता असुरक्षित महसूस करती है, साथ ही साथ सुरक्षा में चूक होने की वजह से अररिया के रास्ते आसपास के जिलों में धड़ल्ले से नशीले पदार्थों का व्यापार किया जा रहा है। नशे की लत में हमारे जिले के युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है।

अतः माननीय गृहमंत्री जी से निवेदन करूँगा कि वो अररिया, जोकीहाट में आर्मी, बीएसएफ व केंद्रीय पुलिस बल की एक टुकड़ी की तैनाती हेतु स्वीकृति प्रदान करें। धन्यवाद।